मोर मनोरथु जानहु नीकें। बसहु सदा उर पुर सबही कें ॥1॥
सुफल मनोरथ होहुँ तुम्हारे। रामु लखनु सुनि भय सुखारे ॥2॥

| Ram Katha 933 - मानस मनोरथ || Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 256 | इंदौर, गुरुवार 28 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Murder: बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या, उधमसिंहनगर के गुरुद्वारे में बाइक सवार हमलावरों ने बरसाईं गोलियां**
2. **UN: यूएन प्रमुख ने आपदा जोखिम कम करने के लिए विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया, NDMA के इस अफसर को मिली जिम्मेदारी**
3. **Uttarakhand: ईडी ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत को जारी किया नया समन, दो अप्रैल को पेश होने के निर्देश**

मार्च माह के अंतिम दिनों में भीषण गर्मी के बीच ...

# इंदौर में पानी के टैंकरों का दौर

## 200 टैंकर बुझा रहे है प्यास, पिछली गर्मी में निगम ने 400 टैंकर चलाए थे जरुरत पड़ी तो किराय पर लेकर टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाएंगी

@ DGR विशेष

इंदौर। मार्च माह में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। होली के बाद तापमान में तेजी से बढ़ने के कारण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। इंदौर में बुधवार को तापमापन 38.8 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं सूरज की तपन ने लोगों को बेहाल कर दिया। यह स्थिति प्रदेश के लगभग सभी जिलों में रही और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। तेजी से बढ़ती गर्मी को देखते हुए मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में पारा 40 डिग्री तक जा सकता है.। बढ़ती गर्मी के बीच नगर निगम अफसरों के दावे पानी मांगने लगे हैं। शहर में कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति बन रही है और पानी सप्लाय के लिए नगर निगम में ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या भी बढ़ने लगी है। पहले जहां निगम और ठेके के मिलाकर छोटे-बड़े 130 टैंकर चलते थे, वहीं अब इनकी संख्या 200 के आसपास पहुंच गई है।

### दावा था पानी की कमी नहीं होगी

शहर में नर्मदा के तीन तरण आ गया है। अब चौथा चरण का पानी लाने के लिए पिछले दिनों हुई मेयर-इन- कौसिंल की बैठक में संकल्प पारित हो गया है। नर्मदा का तीसरा चरण आने के बाद निगम जलप्रदाय विभाग के अफसरों ने दावा किया था कि शहर में न तो पानी की कमी होगी और न ही ठेके पर टैंकर चलाने की जरूरत पड़ेगी। यह दावा फेल हो गया। हर वर्ष गर्मी में ठेके पर टैंकर लगाकर जलापूर्ति करना पड़ती है।

### ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या और बढ़ी

बदलते मौसम के चलते धीरे-धीरे गर्मी बढ़ने लगी है। इसके साथ ही निगम ने शहर में ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या बढ़ाना शुरू कर दिया गया है। पिछले महीने जहां निगम के 80 और ठेके के 50 मिलाकर 130 टैंकर चल रहे थे, वहीं अब ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या 70 और बढ़ गई है। इस तरह निगम और ठेके के मिलाकर टैंकरों की संख्या 200 के आसपास पहुंच गई हैं, जबकि गर्मी के तीखे तेवर दिखाना टैंकर लेकर पिछले अभी न टेंकर है? का रेट पर वार्षिक के लेकरबाकी है।

### आचार संहिता के बाद टैंकरों के टेंडर

इधर, ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या अभी से बढ़ने के सवाल पर वर्कशॉप विभाग के अफसरों का कहना है कि कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ती की समस्या है।



इसके लिए प्रायवेट टैंकर चल रहे हैं। टैंकर लगाने को नए रेट तय करने को लेकर दिनों टेंडर जारी होने और आने के बावजूद ठेके पर किस हिसाब से चलाए जा रहे वर्कशॉप विभाग के अफसरों कहना है कि टैंकरों को पुराने लगाया जा रहा। नई दर के लिए जारी टैंकर टेंडर लोकसभा चुनाव को लगी आचार संहिता खत्म होने के बाद खुलेंगे। इसमें समय लगेगा। ऐसे में गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत न झेलना पड़े। इसके लिए पुराने रेट पर ही टैंकर चलाए जा रहे हैं।

### जलापूर्ति की व्यवस्था पर सवालिया निशान

मालूम हो कि शहर में पानी की किल्लत दूर करने के लिए निगम टैंकर तो दौड़ाता है मगर लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत वहा पर होती है जहा पर नर्मदा नहीं और लोग बोरवेल के भरोसे रहते हैं। इतना ही नहीं कई वार्डों में पार्षदों का टैंकर पर कब्जा हो जाता है। जिनके हिसाब से पानी बंटता और आम जनता पानी मिलने का इंतजार ही करते रह जाते हैं। ऐसे में निगम की टंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था पर सवालिया निशान और जिम्मेदार अफसरों की कार्यशैली पर अंगुली उठती रहती है किंतु व्यवस्था नहीं सुधरती है।

### दो साल बाद ऐसी गर्मी

मौसम विभाग के मुताबिक मार्च माह में दो साल बाद मार्च में इतनी तेज गर्मी महसूस हो रही है। वर्ष 2023 में 30 मार्च को पारा 36.3 डिग्री और 2022 में 38.7 डिग्री के उच्चतम स्तर पर गया था, जबकि होली के बाद से पूरे प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर जारी है और दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म होने लगी है। बुधवार को इंदौर में दिन का तापमान 38.8 डिग्री दर्ज किया गया. यह सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा, वहीं रात का न्यूनतम तापमान भी 22.8 डिग्री तक पहुंच गया। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी पारा 38 डिग्री के आसपास ही रहा।

### इसलिए तेजी से बढ़ रहा तापमान

मौसम विज्ञानी अभिजीत चक्रवर्ती के मुताबिक अब दिन लंबे होने लगे है और हवा की दिशा अब दक्षिण-पश्चिम हो गई है जिसकी वजह से हवा में गर्माहट महसूस हो रही है। वहीं रात में भी हल्के बादल छाए होने की वजह से न्यूनतम तापमान इतना ज्यादा रिकॉर्ड हो रहा है.इंदौर में 28 व 29 को पारा 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। 29 मार्च को उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। उसके असर से 30 मार्च के आसपास तापमान में गिरावट होगी।

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर ...

# 18 हजार बूथों पर बिजली व्यवस्था की समीक्षा करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पालन में सभी 15 जिलों के 13 मई के लोक सभा चुनाव के बूथों पर बिजली का माकूल प्रबंध करेगी। प्रत्येक बूथ पर बिजली व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी, ताकि आयोग के आदेश का पालन और जिला निर्वाचन अधिकारियों की अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र के सभी 15 जिलों में करीब अठारह हजार बूथ है, इसमें इंदौर क्षेत्र के आठ जिलों में साढ़े दस हजार बूथ है, वहीं उज्जैन क्षेत्र के सात जिलों में साढ़े सात हजार के करीब बूथ हैं। कंपनी क्षेत्र में सबसे ज्यादा बूथ इंदौर जिले में करीब 2500 है। अन्य जिलों में 700 से लेकर 1700 बूथ है। श्री तोमर ने बताया कि सभी जिलों के अधीक्षण यंत्रियों से जिला निर्वाचन अधिकारी से सतत संपर्कित रहने एवं बूथों पर बिजली की समीक्षा के लिए निर्देशित किया गया है। श्री तोमर ने बताया कि नए बूथ एवं अन्य चुनिंदा ऐसे बूथ जहां स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां पर अस्थाई कनेक्शन दिए जाएंगे। कंपनी क्षेत्र में करीब एक हजार बूथों पर अस्थाई कनेक्शन जारी करने की प्राथमिक सूचना प्राप्त हुई है। श्री तोमर ने बताया कि निर्वाचन कार्यों के प्रशिक्षण स्थलों, निर्वाचन कार्यालयों, मतदान सामग्री प्रदाय स्थलों आदि की भी समीक्षा करने एवं इन स्थानों पर भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पालन के मद्देनजर विशेष व्यवस्थाएं करने को कहा गया है।

**विदिशा, बैतूल के लिए भी इंतजाम-** प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र के खंडवा जिले के हरसूद क्षेत्र के बूथ बैतूल लोकसभा (मतदान 26 अप्रैल) सीमा में आते है। इसी तरह देवास जिले के खातेगांव क्षेत्र के बूथ विदिशा लोकसभा(मतदान 7 मई) के अंतर्गत है। ऐसे में इन जिलों संबंधित अन्य लोकसभा क्षेत्र की मतदान तिथि के हिसाब से पृथक से बिजली व्यवस्थाएं रहेगी।

### आम चुनाव में मीडिया की भूमिका पर हुई सार्थक चर्चा

## पत्रकारिता जनसंचार और जनजागरण का माध्यम बने, जनसंपर्क का नहीं : केजी सुरेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पत्रकारिता लोगों तक समाचार पहुंचाने और जन-जागरण का माध्यम बने, लेकिन किसी भी व्यक्ति या पार्टी के जनसंपर्क का माध्यम न बने। सरकारें बनाना या गिराना मीडिया का काम नहीं है। पत्रकारिता आज भी समाप्त नहीं हुई है सिर्फ अच्छी पत्रकारिता की लोगों तक पहुंच थोड़ी मुश्किल हुई है।**

ये बातें माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) केजी सुरेश ने स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा आम चुनावों में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित परिसंवाद में मुख्य वक्ता के रूप में कहीं। उन्होंने कहा कि पाठक के मन में किसी पत्रकार को लेकर यह जिज्ञासा होना चाहिए कि उसने 'क्या' लिखा है, यह जिज्ञासा नही होनी चाहिए कि ऐसा उसने 'क्यों' लिखा है। आज त्रासदी यह है कि ज्यादातर मीडिया हाउस ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए खर्चा करने के लिए तैयार नहीं हैं। दिल्ली में बैठकर पूरे देश की खबरें तैयार की जाती हैं। लाइब्रेरी जाने या संदर्भ रखने की परंपरा भी समाप्त हो गई है। वरिष्ठ पत्रकार रमण रावल ने कहा कि राजनीतिक पत्रकारिता आसान नहीं होती। किसी दल या नेता अथवा मुद्दे के जनता पर असर का विश्लेषण भी करना होता है और किसी का पक्ष ना लेने की दुविधा भी रहती है, वरना पत्रकार पर ठप्पा लगने का अंदेशा रहता है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रवीण खारीवाल, अजय भट्ट, गणेश एस.चौधरी, सोनाली यादव, मोहनलाल मंत्री, कृष्णकांत रोकड़े, सुनील वर्मा एवं शान ठाकुर ने किया। स्वागत उद्बोधन प्रवीण कुमार खारीवाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आलोक बाजपेयी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की संयोजिका रचना जौहरी ने किया।

## बीजेपी का प्रदर्शन : विधायक मेंदोला के समर्थकों ने लगाया अनूठा बैनर पोस्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. अक्षय कांति बम को लेकर बीजेपी नेताओं और रमेश मेंदोला फैंस क्लब ने अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन बंगाली चौराहा और तिलक नगर चौराहा पर था। सभी नेताओं के हाथ में एक एक पोस्टर थे। इन पोस्टरों के द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम को बलि का बकरा बनाया जाना बताया गया है।




यह अनूठा प्रदर्शन विधानसभा 5 के अध्यक्ष और भाजपा नेता राजा कोठारी के नेतृत्व में किया गया। क्लब के अध्यक्ष राजा कोठारी के साथ भाजपा कार्यकतार्ओं ने बैनर और पोस्टर लगाए। पोस्टर और बैनर में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम का फोटो लगाकर उन्हें कांग्रेस की ओर से बलि का बकरा बताया। एक पोस्टर में लिखा था कि वाह री कांग्रेस, कांग्रेस के प्रत्याशी की कांग्रेस ने की भ्रूण हत्या। पोस्टर पर नीचे रमेश मेंदोला फैन्स क्लब भी लिखा हुआ था। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी नेताओं ने कहा कि इंदौर भाजपा का अभेद किला रहा है और रहेगा। इसलिए यहां से कांग्रेस के किसी वरिष्ठ नेता ने भाजपा प्रत्याशी के सामने चुनाव लड़ने पर हामी नहीं भरी। अक्षय के चुनाव मैदान में उतरने के बाद यह तो तय है कि भाजपा इंदौर से जीत का रिकॉर्ड बनाएगी। प्रदर्शन में राजेश जोशी, अश्विन उज्जैनकर, आकाश राठौर, राकेश पोरवाल, रोहित जैन, अजय चौहान, हर्ष तिवारी, सूरज वर्मा सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## साइबर सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भारत में 60 प्रतिशत फेसबूक अकाउंट संचालित करने के लिए न्यूनतम आयु तक नहीं जानते। यह बात प्रो. रावल ने अपनी 231वे सत्र के दौरान (रश्उए) के विद्यार्थियों व प्रोफेसरो से कहीं।**



स्वामी विवेकानन्द इंजीनियरिंग कॉलेज (रश्उए) में आईटी विद्यार्थियों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मे वाइस प्रिंसिपल श्रीमती नेहा खंडेलवाल के मार्गदर्शन मे साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय स्तर साइबर सेक्युरिटी विशेषज्ञ प्रो. गौरव एएम. रावल ने विद्यार्थियो व विभाग के प्रोफेसरो को साइबर अपराध के विभिन्न कारणों साइबर सुरक्षा से संबंधित\ विभिन्न जानकारियो के बारे में बताया।

प्रो. गौरव रावल ने छात्रों से अनुरोध किया कि अपने सोशल नेटवर्किंग प्रोफाइल (जैसे फेसबुक, ट्विटर, आदि) निजी पर सेट रखें। हर तीन माह के अंतराल मे अपना लॉगिन पासवर्ड बदले। उन्होंने कहा कि आप अपनी हर तरह की ऑनलाइन पोस्ट और सर्च के बारे में अधिक सावधान रहें। उन्होंने यह भी बताया कि दुनिया मे नकली वीडियो पोस्ट से सावधान रहें। मोबाइल बंद होने पर भी आपका माइक्रोफोन वह कैमरे को एक्सेस किया जा सकता है उन्होने डिजिटल फूटप्रिंट का उपयोग व महत्व के बारे मे अवगत कराया।

## मॉल में पैट् शो का आयोजन

इंदौर। नेक्सस इंदौर सेंट्रल मॉल में शानदार पैट् शो का आयोजन किया। 45 से अधिक प्यारे पैट्स ने अपने आकर्षण के जादू से 400 से अधिक आगंतुकों को मोहित किया। फैशनेबल रनवे वॉक से लेकर खूबसूरत परिधान पार्टियों तक, इन पैट्स के लिए यह बहुत मजेदार मौका रहा। इसके अलावा प्रत्येक प्रतिभागी कॉम्पलिमेंट्री गिफ्ट हैम्पर और सर्टिफिकेट घर लेकर गया। आप अगली बार यह मौका मत छोड़िएगा जो मिलेगा सिर्फ नेक्सस इंदौर सेंट्रल मॉल में।

## रंगपंचमी की गैर के लिए बिजली कंपनी की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर की परंपरागत रंग पंचमी 30 मार्च की विशेष गैर के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र शहर वृत्त की टीम ने प्रभावी तैयारी की हैं। शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों के साथ टोरी कार्नर, मल्हारगंज से लेकर राजबाड़ा, कृष्णपुरा तक के गैर मार्ग का निरीक्षण किया गया है। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि मार्ग पर केबल व तार पर्याप्त व सुरक्षात्मक ऊंचाई पर हैं। उन्होंने बताया कि कार्यपालन यंत्री पश्चिम संभाग श्री रामलखन धाकड़ के नेतृत्व में सुभाष चौक जोन पर बिजली कंपनी का अस्थाई कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। विभिन्न ट्रांसफार्मरों के पास बिजली कर्मचारी तैनात रहेंगे। सुबह से शाम तक गैर जिस लोकेशन से गुजरेगी, एक के बाद एक संबंधित क्षेत्र के ट्रांसफार्मर से सुरक्षा कारणों से बिजली बंद रखी जाएगी। तीन ग्रिडों पर भी विशेष रूप से बिजली कंपनी की टीमें तैनात रहेगी।

# कान्ह और शिप्रा को प्रदूषण से बचाने के लिए दस से ज्यादा जगह बनेंगे वेटलैंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ग्रामीण अंचल से गुजर रही कान्ह और शिप्रा को प्रदूषित होने से बचाने के लिए जिला पंचायत द्वारा नया प्रयोग किया जा रहा है। दरअसल, इन दोनों नदी किनारे बसे गांवों से निकलने वाला दूषित पानी साफ करने के लिए जिले में दस से अधिक जगहों पर वेटलैंड बनाया जाएगा। हालांकि अब तक जिला पंचायत 40 से अधिक गांवों में ग्रेवल फिल्टर, लीचपिट जैसी संरचनाएं बनाकर गांव के दूषित पानी को ठीक करने में लगी है।**

शिप्रा और कान्ह नदी किनारे 62 गांव हैं। इनमें से 42 गांव ऐसे हैं, जहां रसोई सहित अन्य दूषित जल बहकर सीधे नदी-नालों में मिलता है। ऐसे में नदी शुद्धीकरण अभियान के चलते जिला पंचायत ने कुछ माह पहले ही इन 42 गांव में कम्युनिटी लीचपिट और ग्रेवल फिल्टर लगाने का काम शुरू किया है। शुरूआत में करीब दस गांव में वेटलैंड तैयार किया जा रहा है।



इन गांव पहले से ही दलदली क्षेत्र हैं। यहां पर ड्रेन बनाकर पानी को सीधे यहां लाया जाएगा। यहां पर दूषित पानी के ऊपर टायर में जाली लगाकर केली के पौधे लगाएंगे, जो तैरते हुए पानी के दूषित कण सोख लेंगे। इससे दो फायदे होंगे, एक तो गंदा पानी सीधे तौर पर नदी में नहीं मिलेगा, वहीं क्षेत्र का भूजल स्तर भी सुधरेगा। इस तकनीक से 80 फीसदी तक दूषित पानी को शुद्ध किया जा सकता है।

रखरखाव में भी ज्यादा खर्च नहीं होता है। हालांकि यह प्रोजेक्ट छोटे स्तर पर तैयार किया जा रहा है। इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है। शुरूआत में सांवेर जनपद के सोलसिंडा, व्यासखेड़ी, सिलोटिया, मंडलावदा, गवला, इंदौर जनपद के अरनिया गांव सहित अन्य में वेटलैंड तैयार किए जा रहे हैं।

**ग्रेवल फिल्टर ओर लीचपिट भी बनाई-** जिला पंचायत ने पानी शुद्ध करने के लिए कई गांव में ग्रेवल फिल्टर और लीचपिट भी तैयार की है। जिले के 49 गांव में ग्रेवल फिल्टर और 62 गांव में लीचपिट तैयार की गई है, ताकि नदी-नालों को प्रदूषण मुक्त बनाया जाए। लीचपिट के लिए चार बाय चार का गोलाकार गड्ढा खोदा जाता है, जिसमें जाली लगाई जाती है।

नीचे से कच्चा रहता है। इसके आसपास ऊंची दीवार बना दी जाती है। इसमें पानी नीचे सोखता हुआ चला जाता है। वहीं लीचपिट जगह ग्रेवल फिल्टर लंबा बनता है। इसमें पांच से छह लेयर जालियां लगाई जाती है, ताकि पानी छन कर निकासी से आगे बढ़ जाता है।

## मालवांचल यूनिवर्सिटी और ओरिएंटल यूनिवर्सिटी मिलकर करेंगे रिसर्च प्रोजेक्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मालवांचल यूनिवर्सिटी इंडेक्स समूह संस्थान चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र के साथ अब रिसर्च के क्षेत्र में भी नई उपलब्धि हासिल हुई है। रिसर्च के क्षेत्र में अब दोनों संस्थान साथ मिलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट पर एक दूसरे के साथ कार्य करेंगे। दोनों यूनिवर्सिटी के शिक्षक और छात्रों के साथ रिसर्चर्स को भी नॉलेज शेयरिंग का अवसर मिलेगा। मालवांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ.संजीव नारंग, और ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वाइस चांसलर सुनील के सोमानी उपस्थित थे । मालवांचल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ.लोकेश्वर सिंह जोधाणा और ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. प्रद्युम्न यादव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए.इस अवसर पर इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया व वाइस चेयरमैन मयंकराजसिंह भदौरिया ने मालवांचल यूनिवर्सिटी की रिसर्च टीम की सराहना की।दोनों संस्थानों के बीच एमओयू होने के बाद अब रिसर्च टीम को नए प्रोजेक्ट,इंटर्नशिप प्रोग्राम से जुड़ने का मौका मिलेगा।

## ग्राम सभा में नि:शुल्क नशा मुक्ति शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंडेक्स समूह की शहर को नशा मुक्त करने की पहल के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।शहर और ग्रामीण क्षेत्रों को नशा मुक्त बनाने की पहल की जा रही है। इसके लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में नशा मुक्ति शिविर लगाए जा रहे हैं। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में खुड़ैल ( खुर्द) ग्राम सभा में निशुल्क नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को नशे की लत से दूर रहने की समझाइश दी गई। करीब 127 मरीज इस कैंप में आए जिनके परीक्षण भी किया गया। 56 लोग गुटका ,34 मरीज शराब और 4 स्मैक के आदी थे। इस कैम्प की टीम में डॉ राम गुलाम राजदान ,राज हर्षवर्धन ,डॉ आदित्य श्रीवास्तव मनोरोग विभाग और नेत्र रोग,स्त्री और सर्जरी विभाग के रेसिडेंट डॉक्टरों ने भाग लिया शिविर आयोजक नशा रोग एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रामगुलाम राजदान ने कहा कि इस क्षेत्र में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का नशा मुक्ति अभियान एक सार्थक पहल है।

## साढ़े चार घंटे लेट हुआ एयर इंडिया का विमान

**इंदौर।** एयर इंडिया के मुंबई से इंदौर आने वाले और इंदौर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को मंगलवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मुंबई से मंगलवार सुबह आने वाला एयर इंडिया का विमान मुंबई एयरपोर्ट पर खराब होने से यह स्थिति बनी। इसके कारण सुधार के बाद यह साढ़े चार घंटे देरी से इंदौर पहुंचा। इस विमान को इंदौर से दिल्ली जाना था। फ्लाइट के लेट होने से परेशान यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया का विमान (एआई-635) सुबह 9.05 बजे मुंबई से इंदौर आता है। इसके बाद यह 9.40 बजे दिल्ली जाता है। मंगलवार को इंदौर आने से पहले ही मुंबई एयरपोर्ट पर विमान में तकनीकी खराबी आ गई। जानकारी मिलते ही विमान का सुधार शुरू हुआ। इसमें चार घंटे से ज्यादा समय लग गया। विमान में सुधार करने के बाद इसे रवाना किया गया और यह दोपहर 1.35 बजे इंदौर पहुंचा।

## निगम कमिश्नर ने झोन 8 का किया दौरा

### रहवासियों से पूछा पानी गंदा तो नहीं आ रहा, कचरा गाड़ी समय पर आती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर ने झोन क्रमांक 8 के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। रहवासियों से बातचीत कर पूछा की कचरा रोज उठता है या नहीं। पानी गंदा तो नहीं आता है। लोगों ने भी व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए कहा साथ ही निगम के अमले की तारीफ भी की।**

नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा द्वारा बुधवार को झोन क्रमांक 8 के विभिन्न क्षेत्रों में एवं स्टार चौराहा स्थित जीटीएस का निरीक्षण किया गया। अमृत पैलेस कॉलोनी, निपानिया निरंजनपुर बस्ती क्षेत्र का जायजा लिया।



रहवासियों से निगम के कार्य और सफाई, जलप्रदाय व्यवस्था, डोर टू डोर गाड़ी प्रतिदिन आती है कि नहीं, कचरा रोज उठता है कि नहीं, पानी का सप्लाई बराबर आता है, पानी गंदा तो नहीं आता है आदि के संबंध में बस्ती क्षेत्र के रहवासियों से जानकारी ली गई। इसके बाद अपोलो डीबी सिटी, गोयल नगर, तिरुपति नगर में सफाई कार्य एवं डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य की व्यवस्था देखी और रहवासियों से चर्चा की गई।

निगम कमिश्नर ने स्टार चौराहा स्थित सीटीएस सेंटर का देखा। जीटीएस पर किस प्रकार से आसपास के वार्डन और क्षेत्र से डोर टू डोर कचरा संग्रहण वहां के माध्यम से कचरा लाया जाता है और यहां से किस प्रकार से प्रक्रिया करके आगे ट्रेंचिंग ग्राउंड पर भेजा जाता है इस संबंध में प्रभारी अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई।

## मेट्रो का ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन करेगी तुर्किए की कंपनी

### एसिक्स इलेक्ट्रॉनिक ने 186.52 करोड़ रुपए में हासिल किया टेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तुर्किए की एसिक्स इलेक्ट्रॉनिक कंपनी ने मेट्रो के ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन का टेंडर 186.52 करोड़ रुपए में हासिल कर लिया है। कंपनी ने मेट्रो कॉर्पोरेशन द्वारा आंकी गई अनुमानित राशि से 50 करोड़ रूपए कम का प्रस्ताव दिया था। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने इस टेंडर की अनुमानित लागत 230 करोड़ रुपए आंकी थी।

ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए एक्सिस के अलावा तीन कंपनियों ने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को प्रस्ताव सौंपे थे। जिनमें एसिक्स इलेक्ट्रॉनिक, ब्लिसिम सिस्टमेलेरी, एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा.लि और शेलिंग फॉस्क ग्लोबल डिजिटल टेक्नोलॉजी शामिल थी। यह काम पीपीपी मॉडल पर होना है। पूर्व में एसबीआई ने भी इस सिस्टम के लिए सिंगल टेंडर भरा था, जो मंजूर नहीं हुआ था और नए सिरे से कॉर्पोरेशन ने दूसरी बार टेंडर प्रक्रिया



शुरू की थी। एसिक्स इलेक्ट्रॉनिक कंपनी इंदौर-भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के पहले चरण में फेयर कलेक्शन, यानी किराया लेने की पूरी प्रणाली तैयार करेगी। इस प्रणाली को मॉडर्न तकनीक का इस्तेमाल कर तैयार किया जाएगा। तुर्की की कंपनी का टेंडर सबसे कम 186 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि का था। दूसरे स्थान पर एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया लि. ने 204.57 करोड़ का प्रस्ताव दिया था। इंदौर-भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए एलिवेटेड कॉरिडोर का काम चल रहा है। इंदौर में रोबोट चौराहा से पलासिया तक का ठेका 545 करोड़ रुपए में रेल विकास निगम और यूआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा गया है। वहीं मध्य क्षेत्र में अंडरग्राउंड कॉरिडोर के लिए सर्वे की प्रक्रिया जारी है। जिसके बाद टेंडर बुलाए जाएंगे।

# महाकाल के भक्तों के लिए बनेगा हाईटेक रोड

## शेड, अंडरग्राउंड लाइटिंग होगी, बेंच भी लगाई जाएंगी; काम शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। महाकाल मंदिर से लेकर बड़े गणेश - हरसिद्धि मंदिर तक की रोड की जल्द ही सूरत बदलने वाली है। 7 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से मंदिर समिति भक्तों की सुविधा के लिए इस रोड को हाईटेक बनाने जा रही है। यह किसी यूरोपियन शहर की तरह सर्वसुविधा युक्त होगी।**

महाकाल लोक बनने के बाद बड़ी संख्या में भक्त महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। गेट नंबर चार और पांच के पास यातायात चौकी से हरसिद्धि मंदिर तक के रोड का कायाकल्प का काम शुरू हो चूका है। रोड बन जाने के बाद से यहां भक्तों को सभी सुविधा मिलने लगेगी।



महाकाल मंदिर के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि लगातार दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में सुविधा के लिए मंदिर समिति हरसिद्धि मंदिर तक रोड बनाने जा रही है। इसमें अंडरग्राउंड लाइट, सुंदर शेड, फ्लोरिंग, भक्तों के बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे। इसका कार्य आरम्भ हो चूका है। करीब एक साल में ये बनकर तैयार हो जाएगा।

प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि भक्तों की सुविधा के लिए गेट नंबर चार और पांच को तोड़कर बड़े यूटिलिटी सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसमें भक्तों को सभी सुविधा मिलेगी। यहां पर काउंटर बनाए जाएंगे, जिसमें मोबाइल रखने, प्रसाद काउंटर, शीघ्र दर्शन, दिव्यांगों के लिए अलग से सुविधा, जूता चप्पल स्टैंड भी बनेगा। इस पूरे रोड पर केबल को अंडरग्राउंड किया जाएगा। नक्काशी के साथ सुंदर लाइटिंग भी की जाएगी।

# नदी में फोटो खींचने उतरे, डूबने से 4 की मौत

## शहडोल से पिकनिक मनाने बिरसिंहपुर आए थे 8 दोस्त; सोन नदी में हादसा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में पिकनिक मनाने गए 8 दोस्तों में से 4 की नदी में डूबने से मौत हो गई। नदी के बीच जाकर फोटो खींचने के दौरान ये हादसा हुआ। दोस्तों का यह ग्रुप शहडोल से सोन नदी के चकदेही घाट पर पहुंचा था। एसडीआरएफ की टीम ने शवों को निकाला।**

घटना बुधवार दोपहर की है। बिरसिंहपुर पाली पुलिस ने बताया कि मरने वालों में पंकज सिंह (20), शशांक श्रीवास्तव (18) और दो सगी बहनें पलक सिंह (19), पायल सिंह (19) शामिल हैं।

### एक के बाद एक चार लोग डूबे

8 दोस्तों में से दो लड़के और दो लड़कियां नदी में फोटो खींचने के लिए उतरे। इस दौरान वह गहरे पानी में चले गए। उनको डूबता देख बाकी दोस्तों ने शोर कर मदद मांगी। जानकारी मिलते ही बिरसिंहपुर पाली और घुनघुटी पुलिस मौके पर पहुंची। तीन शवों को पहले बाहर निकाला गया। एक शव नहीं मिलने पर एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। तब जाकर चौथा शव मिल सका।

## राघौगढ़ किले पर आज मनाया जाएगा हिल्ला

# दिग्विजय ने गाया होली गीत- राजा बल के द्वार मची री होली...; 210 साल पुरानी परंपरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** राघोगढ़ किले पर गुरुवार को 'हिल्ला' मनाया जाएगा। 25 साल बाद दिग्विजय सिंह इसमें शामिल होने वाले थे, लेकिन किसी कारणवश वे नहीं आ सके। उन्होंने VIDEO जारी कर कहा, 'हिल्ले के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी बधाई। चाहते हुए भी आप लोगों के बीच आज नहीं हूं। क्षमा चाहता हूं।'

उन्होंने 'हिल्ले' पर गाया जाने वाला होली गीत गाया, 'राजा बल के द्वार मची री होली...।' राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह राजगढ़ से 33 साल बाद सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। राघौगढ़ इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। आयोजन सुबह 11 बजे से होगा। पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह और विधायक जयवर्धन सिंह भी मौजूद रहेंगे।

हर साल होली की तीज पर इसे मनाया जाता है। इसमें कस्बे के लोग पूर्व राजपरिवार के सदस्यों के साथ होली खेलने उनके निवास पर पहुंचते हैं। इस परंपरा की शुरुआत 210 साल पहले हुई थी।

### 'हिल्ला' मनाने के पीछे का किस्सा...

बुजुर्ग बताते हैं कि ब्रिटिश सेनापति जॉन बप्टिस ने अपनी सेना के साथ राघौगढ़ किले पर हमला किया था। उस समय राघौगढ़ की कमान हिंदुपथ नरेश राजा जयसिंह के हाथ में थी। विशाल सेना की मदद से जॉन बप्टिस ने बजरंगगढ़ का किला जीत लिया था। इसके बाद अंग्रेजी सेना ने राघौगढ़ किले की घेराबंदी कर ली। सीमित संसाधनों के कारण राघौगढ़ ज्यादा दिन युद्ध नहीं कर सकता था। राजा जयसिंह ने श्योपुर छावनी पर हमला कर ब्रिटिश सेनापति के बेटे को बंदी बना लिया। इसकी सूचना उसे देकर कहा गया कि राघौगढ़ किले से अपनी सेना हटा लो।

राजा जयसिंह की कुशल रणनीति से दुश्मन सेना का मनोबल टूट गया। अंग्रेजी सेना का हटना शुरू हुआ तो खबर सबसे पहले नांदनेर के ग्रामीणों ने आकर दी, तब से ही यह परंपरा शुरू हुई।

# मार्च में चौथी बार बदला मप्र का मौसम

## भोपाल में बादल छाए; ग्वालियर-जबलपुर समेत 29 जिलों में बारिश के आसार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में चौथी बार मौसम बदल गया है। भोपाल, इंदौर, छतरपुर, सतना, मैहर, रीवा समेत कई जिलों में बादल छा रहे हैं। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और ट्रफ लाइन की वजह से हो रहा है। 29 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसके कारण ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 29 जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। इससे पहले प्रदेश में तेज गर्मी पड़ रही है।

बुधवार को नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। सीजन में पहली बार टेम्प्रेचर 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। दमोह में 41 डिग्री रहा। उज्जैन, धार, रतलाम और गुना में पहली बार तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

**भोपाल-इंदौर में भी तेज गर्मी, पहली बार इतना पारा-** बुधवार को भोपाल, इंदौर में भी तेज गर्मी रही। भोपाल और इंदौर में सीजन में पहली बार टेम्प्रेचर 38.8 दर्ज किया गया। ग्वालियर में 37.9 डिग्री, जबलपुर में 38.4 डिग्री और उज्जैन में 40 डिग्री रहा। हालांकि भोपाल में शाम को बादल छाए रहे। गर्मी के साथ उमस का असर भी देखने को मिला। इसी तरह, मंडला, टीकमगढ़, खंडवा, खरगोन, खजुराहो, शिवपुरी, बैतूल, शाजापुर, सागर में तापमान 39 डिग्री से अधिक रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा सबसे कम 34.4 डिग्री दर्ज किया गया।

**प्रदेश में बूंदाबांदी-बादल का मौसम बनेगा-** मौसम केंद्र, भोपाल के अनुसार- वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। ट्रफ लाइन भी है। इस वजह से प्रदेश में बादल छा रहे हैं। ऐसा ही मौसम 28-29 मार्च को भी रहेगा। 29 मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना है। इसका 30 और 31 मार्च को प्रदेश के पूर्वी और मध्य हिस्से में असर रहेगा।

**भोपाल में अगले 4 दिन बादल छाएंगे -** राजधानी में अगले 4 दिन यानी, 31 मार्च तक बादल छाने का अनुमान है। वहीं, दिन का तापमान 38-39 डिग्री और रात का टेम्प्रेचर 21 से 23 डिग्री के बीच रह सकता है। उमस का असर भी रह सकता है।

मौसम वैज्ञानिकों ने फरवरी की तरह मार्च की विदाई भी बादल और बूंदाबांदी जैसे मौसम से होने की संभावना जताई है। 29 मार्च को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से 30 जिलों में मौसम बदला रहेगा। बूंदाबांदी हुई तो यह लगातार तीसरा महीना रहेगा।

# MP में दूसरे चरण के लिए आज से नामांकन

## लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 153 फॉर्म आए, आज होगी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो जाएगी। दूसरे चरण में 7 सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, नर्मदापुरम और बैतूल पर चुनाव होना है। इसके लिए 4 अप्रैल तक नामांकन भरे जाएंगे। 5 अप्रैल तक जांच और नाम वापसी 8 अप्रैल तक हो सकेगी। वोटिंग 26 अप्रैल को होगी।

पहले चरण में 6 सीट के लिए 113 उम्मीदवारों ने 153 नामांकन दाखिल किए हैं। बुधवार को आखिरी दिन 64 प्रत्याशियों ने 89 नामांकन दाखिल किए। इन्हें मिलाकर कुल 113 प्रत्याशियों ने 153 फॉर्म भरे हैं। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। बता दें कि दूसरे चरण की सभी सीटों के लिए भाजपा और कांग्रेस अपने उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं।

**सीधी में 22 उम्मीदवार, अंतिम दिन 13 फॉर्म भरे गए-** सीधी लोकसभा सीट पर कुल 22 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। आखिरी दिन 13 उम्मीदवारों ने फॉर्म भरा। बुधवार को जिन प्रत्याशियों ने नामांकन भरे उसमें रामविशाल कोल राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी, श्यामलाल वैश्य भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, राम सहाय साहू आपका गणतंत्र पार्टी और तारा सिंह जन संचार पार्टी से हैं। इसके अलावा, रामावतार श्यामलाल विश्वकर्मा, दशरथ प्रसाद बैस, कैलाश प्रसाद वर्मा, भगवान प्रसाद तिवारी, महेन्द्र भइया दीक्षित, दद्दी यादव, रामचन्द्र कोल व छाया साकेत ने निर्दलीय रूप में फॉर्म जमा किया। बीजेपी के बागी अजय प्रताप सिंह ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी के रूप में पुनः फॉर्म भरा।

**बालाघाटः 10 फॉर्म भरे, कुल 19 नामांकन-** बालाघाट में 10 नामांकन भरे गए। कुल 19 फॉर्म जमा किए गए हैं। बुधवार को कांग्रेस विधायक के पति कंकर मुंजारे ने बसपा से पर्चा दाखिल किया। इसके अलावा, पूर्व में नामांकन भर चुके बीजेपी के भारती पारधी और कांग्रेस के सम्राट सिंह सरस्वार ने भी नामांकन भरा है।

**मंडलाः 7 कैंडिडेट ने भरा पर्चा -** आखिरी दिन बुधवार को मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए 7 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। इसमें अशोक कुमार सरैया व सितार मरकाम निर्दलीय, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से महेश कुमार बट्टी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चन्द्र सिंह कुशराम, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी से रीता मरकाम, बहुजन मुक्ति पार्टी से कलियाबाई कोकोडिया और भारत आदिवासी पार्टी से चरन सिंह ने पर्चा भरा है। मंडला क्षेत्र के लिए कुल 16 अभ्यर्थियों द्वारा 18 नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। इसमें बीजेपी प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के 3 नामांकन शामिल हैं।

**शहडोल में आखिरी दिन 6 पर्चा दाखिल-** शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए आखिरी दिन 6 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। इसमें कांग्रेस से फुंदेलाल मार्को, भाजपा से हिमाद्री सिंह, बहुजन समाज पार्टी से धनीराम कोल, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी से दुर्गा भरिया, निर्दलीय केशकली बैगा और गुन्जान शामिल हैं।

New Delhi

# कंगना विवाद में फंसी सुप्रिया श्रीनेत का टिकट कटा, कांग्रेस ने इन्हें दिया मौका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कांग्रेस ने बुधवार को देर रात आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की आठवीं लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 14 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी ने झारखंड, मध्य प्रदेश, तेलंगाना तथा उत्तर प्रदेश के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। लिस्ट के मुताबिक, कांग्रेस ने अपनी महिला प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत का टिकट काट दिया है।

श्रीनेत ने 2019 लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से लड़ा था लेकिन वह भाजपा के पंकज चौधरी से हार गई थीं। सुप्रिया श्रीनेत हाल ही में एक्ट्रेस कंगना रनौत पर टिप्पणी को लेकर भाजपा के निशाने पर हैं। भाजपा ने हिमाचल प्रदेश के मंडी से कंगना को चुनावी मैदान में उतारा है। सुप्रिया श्रीनेत की जगह इस बार कांग्रेस ने महाराजगंज से वीरेंद्र चौधरी को लोकसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वीरेंद्र चौधरी महाराजगंज जिले की फरेंदा सीट से मौजूदा विधायक हैं और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। भाजपा ने इस बार भी वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को ही महाराजगंज से उतारा है। पंकज यहां से लगातार 6 बार चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में पंकज को 7 लाख 26 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। सुप्रिया श्रीनेत की बात करें तो उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कंगना रनौत तथा मंडी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। निर्वाचन आयोग ने भी अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया।



Jharkhand

## पूर्व कांग्रेस नेता समेत दो की हत्या, मर्डर केस में हाल ही में जेल से छूटे थे राजमोहन पोलू



**पलामू, (एजेंसी)** झारखंड के पलामू में दिनदहाड़े हुए डबल मर्डर से इलाके में सनसनी फैल गई. जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में बुधवार दोपहर पूर्व कांग्रेस नेता सहित एक अन्य की हत्या उनके घर में कर दी गई. कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू हत्या के मामले में जेल की सजा काटकर बाहर निकले थे. पोलू के घर में दोनों की खून से लथपथ लाश पुलिस ने बरामद की है.

कांग्रेस नेता के घर में मारे गए दूसरे युवक की पहचान शाहपुर के रहने वाले 34 साल के राकेश कुमार दास के रूप में हुई है. वह बिजली मैकेनिक का काम करता था. बताया जाता है कि दोपहर करीब दो बजे कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू और राकेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात की सूचना मिलने पर जिले की एसपी रिष्मा रमेशन जांच के लिए मौके पर पहुंचीं. उन्होंने बताया कि वारदात के वक्त राजमोहन पोलू और राकेश ही घर में थे. कांग्रेस नेता की पत्नी और बच्चे बाहर गए थे. एसपी ने पूरे घर की छानबीन की और जरूरी साक्ष्य जुटाए. कांग्रेस नेता राजमोहन और राकेश का शव कैंपस में अलग-अलग कुछ दूरी पर पड़े हुए थे. हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कांग्रेस नेता और बिजली मैकेनिक की हत्या क्यों की गई? कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू का जीवन विवादित रहा है. उनके खिलाफ हत्या, मारपीट के मामले दर्ज किए गए थे. साल 2016 की जनवरी में राजमोहन पोलू ने अपने पड़ोसी आलोक मिस्त्री की जमीन विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी थी.

Rajasthan

## राजस्थान के कोटा में दो दिन में दूसरा सुसाइड, NEET की तैयारी कर रही थी छात्रा

**कोटा, (एजेंसी)** राजस्थान के कोटा में इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों के सुसाइड करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. यहां NEET की तैयारी कर रही कोचिंग की एक छात्रा ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया. शिक्षानगरी कोटा में दो दिनों में यह सुसाइड की दूसरी घटना है. मृतक छात्रा की पहचान यूपी की रहने वाली 19 वर्षीय सौम्या के रूप में हुई है. वह महावीर नगर इलाके में रहकर प्राइवेट कोचिंग से नीट की तैयारी कर रही थी. छात्रा के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है और मृतका के परिजनों को इसकी सूचना दी गई है. इससे पहले यूपी के रहने वाले एक छात्र ने सुसाइड किया था. 26 मार्च को कन्नौज के रहने वाले उरूज खान (20) ने सुसाइड किया था. उरूज के शव का बुधवार को ही पोस्टमार्टम हुआ था. जानकारी के मुताबिक, उरूज खान कोटा में लंबे समय से रह रहा था, जिस फ्लैट में उसने सुसाइड किया, उसमें वह 20 दिन पहले ही शिफ्ट हुआ था. छात्र ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल पाया है.

Tamil Nadu

## टिकट नहीं मिलने के बाद किया आत्महत्या का प्रयास, सांसद ने चार दिन बाद तोड़ा दम

**इरोड, (एजेंसी)** तमिलनाडु के इरोड के सांसद ए गणेशमूर्ति की गुरुवार सुबह कोयंबटूर के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, हाल ही में उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था। सूत्रों ने बताया कि सांसद गणेशमूर्ति का आज सुबह 5:05 बजे कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया।

मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) के मौजूदा सांसद को कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास करने के बाद 24 मार्च को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सांसद को रविवार को उल्टी की शिकायत के बाद बेहोशी की अवस्था में इरोड के अस्पताल में भर्ती किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कोयंबटूर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था।



गणेशमूर्ति टिकट नहीं मिलने के बाद से परेशान बताए जा रहे थे। उनकी पार्टी एमडीएमके का तमिलनाडु की सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के साथ गठबंधन है। दोनों पार्टियों ने हाल ही में इरोड से एमडीएमके महासचिव वाइको के बेटे दुरई वाइको को अपना उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। वाइको ने रविवार को कहा था कि पार्टी की कोर टीम ने काफी विचार-विमर्श के बाद दुरई को लोकसभा चुनाव में उतारने का फैसला किया है।

खेल

### हार्दिक की धीमी पारी मुंबई को पड़ी भारी

# सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीता हैदराबाद, छक्कों की हुई बरसात

**हैदराबाद, (एजेंसी) आईपीएल 2024 के आठवें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने दमदार प्रदर्शन के साथ मुंबई इंडियंस को 31 रन से मात दी। इस टूर्नामेंट में यह हैदराबाद की पहली जीत है जिसमें तमाम रिकॉर्ड्स बने। पैट कमिंस की अगुवाई में टीम ने आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। 20 ओवर में टीम ने तीन विकेट गंवाकर 277 रन बनाए, जिसके जवाब में मुंबई 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 246 रन बना सकी। इस जीत के साथ हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई जबकि मुंबई लगातार दो मैचों में मिली शिकस्त के बाद नौवें पायदान पर पहुंच गई है।**



### रोहित-ईशान ने टीम को दिलाई तेज शुरुआत

हैदराबाद द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी हुई थी। रोहित शर्मा और ईशान किशन के बीच पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी हुई जिसे शाहबाज अहमद ने तोड़ा। उन्होंने चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर ईशान किशन को आउट किया जो 13 गेंदों में 34 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, रोहित शर्मा भी पांचवें ओवर में 26 रन बनाकर लौटे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे नमन धीर भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 84 रन की विशाल साझेदारी की। जयदेव उनादकट ने इस साझेदारी को 11वें ओवर में तोड़ा। उन्होंने नमन को कमिंस के हाथों कैच कराया जो 30 रन बना सके।

### कप्तान का फ्लॉप प्रदर्शन

वहीं, तिलक वर्मा 64 रन बनाकर लौटे। उन्होंने 188.23 के स्ट्राइक रेट से दो चौके और छह छक्के लगाए। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हार्दिक पांड्या कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। वह 20 गेंदों में सिर्फ 24 रन बना सके। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 120 का रहा। वहीं, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड इस मैच में क्रमशः 42 और 15 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के लिए कप्तान कमिंस और जयदेव उनादकट ने दो-दो विकेट लिए।

सिनेमा

## कंगना रनौत ने बताया मंडी का असली मतलब, बोलीं- जो कांग्रेसियों के दिमाग में चलती है...

कंगना रनौत को जैसे ही बीजेपी से लोकसभा का टिकट मिला, उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर कई नेगेटिव कमेंट्स दिखने लगे। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट विवादित ट्वीट किया गया जिस पर बवाल मचा हुआ है। कंगना इस बारे में ट्वीट करके अपना गुस्सा निकाल चुकी हैं। अब एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस बारे में अपनी पूरी भड़ास निकाली और बताया कि मंडी का मतलब आखिर है क्या।

कंगना रनौत की ऑफिशियली पॉलिटिक्स में एंट्री हो चुकी है। टाइम्स नाऊ नवभारत से बातचीत में कंगना ने कहा कि उन्हें ऐसी शुरुआत की उम्मीद नहीं थी। उनसे सुप्रिया श्रीनेत के ट्वीट के बारे में पूछा गया तो कंगना बोलीं, मुझे बहुत दुख हुआ। साधारण सी बात है कि लोग वुमन इम्पावरमेंट की दिशा में इतने दिनों से लगे हैं। सबसे ज्यादा दुख इस बात पर हुआ कि लोग मंडी को किस चीज से जोड़ रहे हैं।

मैं एक मिनट लेकर लोगों को बताना चाहूंगी, एक ऋषि हुआ करते थे, मांडव ऋषि मंडी उनके नाम पर है क्योंकि वह वहां पर रहते थे। मनु जिन्होंने मनु स्मृति लिखी है उनके नाम पर मनाली का नाम रखा गया है। वहां जो नदी बहती है व्यास नदी, वेद व्यास के नाम पर उस नदी का नाम है। मंडी का सबसे फेमस टूरिस्ट स्पॉट पाराशर लेक है, जहां ऋषि पाराशर रहते थे। वहां की भूमि को देवभूमि कहते हैं।



कांग्रेस के लोगों के दिमाग में जो मंडी चलती रहती है, वो मंडी नहीं है। ये ऋषि मांडव की मंडी है। हमारे हिमाचलवासी बहुत हर्ट हुए हैं। वे बहुत भोले लोग हैं, उन्हें ठेस लगी है।

# संपादकीय

## पाकिस्तान का दोहरा रवैया

जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरुद्ध जंग छेड़ने की बात उठती है, तो पाकिस्तान उसमें सहयोग करने का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि वह आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। पाकिस्तान खुद भी इस बात से वाकिफ है कि उसकी तरक्की के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा आतंकवाद है, मगर वह उस पर अंकुश लगाने को लेकर कभी संजीदा नजर नहीं आता। आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान दोहरा रवैया अख्तियार करता रहा है। एक तरफ तो वह भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करता रहा है, मगर दूसरी तरफ अपने ही बलूचिस्तान इलाके में आतंकवाद से लडऩा उसके लिए चुनौती बना हुआ है। सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद शहर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने हमला किया और गोली बरसाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी नाम के आतंकी संगठन ने ली है। सैनिक ठिकानों या फिर चीनी नागरिकों पर ये हमले नए नहीं हैं और न ये केवल बलूचिस्तान प्रांत तक सीमित हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी वहां इस कदर ताकतवर है कि वह जब-तब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को चुनौती देती रहती है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने बलूचिस्तान प्रांत से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के इरादे से हर तरह के कड़े कदम उठाए हैं, वहां के बेगुनाह लोगों पर भी खूब अत्याचार किए हैं, मगर उनके इरादे कमजोर करने में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है। दरअसल, बलूचिस्तान प्रांत के लोगों का मानना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्रांत के हितों की अनदेखी करती है। फिर, उस इलाके के लोग पाकिस्तान में चीन की बढ़ती दखल का पुरजोर विरोध करते रहे हैं। उनकी कहना है कि चीन उनके इलाके में घुस कर उनके संसाधनों का दोहन कर रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे' के तहत कई परियोजनाएं चल रही हैं। बलूचिस्तान प्रांत के लोग उनका विरोध करते रहे हैं। इससे पहले भी चीनी नागरिकों पर कई बार हमले हो चुके हैं। ताजा हमला उसी की एक कड़ी है। मगर पाकिस्तान हुकूमत की मजबूरी यह है कि वह इन

**अर्ज किया है..!**

*इस सफ़र में*
*नींद ऐसी खो गई*
*हम न सोए*
*रात थक कर सो गई*

*- राही मासूम रज़ा*

॥ॐ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**प्रभु जब प्रेम करते हैं,**
**तब सब कुछ दे देते हैं, और**
**जब कृपा करते हैं**
**सब कुछ ले लेते हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# आज संकष्टी चतुर्थी व्रत

## जानें चंद्रोदय का समय और सुख संपत्ति के उपाय



चैत्र मास की संकष्टी चतुर्थी का व्रत 28 मार्च गुरुवार यानी आज रखा जाएगा। चैत्र मास में आने वाली इस संकष्टी चतुर्थी को भालचंद्र संकष्टी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान गणेश के साथ भगवान चंद्रमा की पूजा अर्चना की जाती है। आइए जानते हैं संकष्टी चतुर्थी पूजा की विधि, शुभ मुहूर्त और चंद्रोदय किस समय होगा।

संकष्टी चतुर्थी तिथि का आरंभ 28 मार्च को शाम में 6 बजकर 56 मिनट से हुआ है और अगले दिन 29 मार्च को रात में 8 बजकर 20 मिनट पर चतुर्थी तिथि समाप्त हो जाएगी। चंद्रोदय का समय रात में 9 बजकर 28 मिनट पर। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शहर के हिसाब से चंद्रोदय का समय अलग-अलग हो सकता है। बता दें कि चंद्रमा की पूजा के बाद ही व्रत संपूर्ण माना जाता है।

### संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

1. सबसे पहले भगवान गणेश का जलाभिषेक करें।
2. इसके बाद गणेश भगवान को पुष्प, फल चढ़ाएं और पीले रंग का चंदन लगाएं।
3. इसके बाद गणेश जी को बेसन के लड्डू या मोदक का भोग लगाएं।
4. इसके बाद संकष्टी चतुर्थी कथा का पाठ करें। अंत में गणेशजी की आरती करें।
5. शाम के समय चंद्रमा के दर्शन करें और उन्हें अर्घ्य दें। इसके बाद ही अपने व्रत का पारण करें। अंत में क्षमा प्रार्थना करें।

### संकष्टी चतुर्थी के उपाय

1. संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेशजी को 21 लड्डूओं का भोग लगाएं। गणेश को भोग लगाते समय ओम ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः मंत्र का जप करें। इस उपाय को करने से यदि आपकी कुंडली में बुध कमजोर हैं तो आपकी स्थिति में सुधार होगा।
2. बुधवार के दिन किसी जरुरमंद या किन्नरों को हरि चीजों का दान करना चाहिए। जैसे हरी चूड़ियां, हरी इलायची, मूंग दाल, हरे रंग के वस्त्र आदि का दान करते रहें।
3. जीवन में बड़े से बड़ी परेशानियों से निजात पाना चाहते हैं तो संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को 17 बार दूर्वा अर्पित करें और ओम गं गणपतये नमः मंत्र का जप करें। आपकी समस्या हल हो जाएगी।
4. संकष्टी चतुर्थी के दिन शमी के पेड़ का पूजन करने से भगवान गणेश बहुत प्रसन्न होते हैं। शमी के पत्ते उन्हें अर्पित करने से दुख और दरिद्रता दूर हो जाती है।

## Highlights

1. Who is Sanjiv Bhatt, ex-IPS officer convicted in 28-year-old drug case?
2. Delhi Traffic alert: Bus breakdown causes congestion on MB road
3. 2 'SP candidates' file nominations from Rampur seat amid confusion
4. Kangana Ranaut embraces politics, touts right-wing ideals
5. Stock market soars: Sensex & Nifty surge amidst bullish opening
6. Prove I've denied funds without reason: FM Sitharaman to states
7. Baba Tarsem Singh shot dead by bike-borne assailants

# Maruti Suzuki shares fall 1% from record high after senior management rejig



**NEW DEIHI, (Agency).** Maruti Suzuki share price: Shares of Maruti Suzuki fell a percent lower to ₹12,401 today (March 28) after the company's board of directors approved the shuffling of senior management roles. The rejig will be effective from the new financial year April 1, the company said.

Maruti Suzuki senior management reshuffle: What you need to know

As per the changes, Shashank Srivastava, who currently heads the marketing and sales division in the company, will be a member of the executive committee and Partho Banerjee, who is currently leading the service division, will take his place. Ram Suresh Akella will replace Banerjee as the service head, the company said in a filing.

Maruti Suzuki share price today

At 9:20 am, Maruti Suzuki stock was trading at ₹12,421, down 0.8 per cent from the previous close on NSE. The Maruti share price has gained 22 per cent in 2024.

Maruti Suzuki at record high on March 27

This comes after the company shares scaled a record high of ₹12,722 on March 27 as it became India's 19th listed company to cross ₹4 trillion market capitalisation mark.

Maruti Suzuki's Baleno recall

The company also announced earlier that it will recall 11,851 units of its Baleno and 4,190 units of its WagonR hatchbacks, citing a possible defect.

"This in a rare case may lead to an engine stalling or engine starting issue. Affected vehicle owners will be contacted by Maruti Suzuki authorised dealer workshops for replacement of the part, free of cost, in due course of time," it said.

# BHEL share price rises 2% after Adani Power order: What's happening?

**NEW DEIHI, (Agency).** BHEL share price today: Share price of Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL) rose 2 per cent today (March 28) after the company received a ₹4,000-crore order from Adani Power. At 9:20am, Bharat Heavy Electricals was at ₹247.60, up ₹4.70 or 1.93 percent, on the BSE. The company said in its release, "We have received an order from Adani Power for setting up the 2x800 MW Raigarh Phase-II thermal power plant at Raigarh, Chhattisgarh."

What we know about Adani Power's BHEL order?- The company received




letter of award (LoA) for supply of equipment (boiler, turbine, generator) and supervision of erection and commissioning for 2x800-MW power project based on supercritical technology at Raigarh Phase II, Chhattisgarh. The company said that the boiler and turbine generator will be manufactured at BHEL's Trichy and Haridwar plants and the supply of Unit-1 will be executed in 31 months while Unit-2 will be started in 35 months.

BHEL orders this month- The company bagged an order earlier this month for setting up 1,600-MW Singrauli Supercritical Thermal Power Plant (STPP) Stage-III from NTPC. As per BHEL's statement, the plant will be set up adjacent to the existing 2,000-MW thermal power station (TPS) at Singrauli in Uttar Pradesh.

# शातिर चोर पकड़ाए, कार, जेवरात और बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ और राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने बदमाशों को पकड़ा है, इनसे दो कार, सोने-चांदी के आभूषण व एक महंगी बाइक बरामद की है। गिरोह का मास्टर माइंड मुंबई का अजहर उर्फ समीर है, जो पूरे देश में चोरी करता है। उस पर 30 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।**

पुलिस के मुताबिक 14 फरवरी को राऊ थाना क्षेत्र स्थित हसनजी नगर में कारोबारी कजिन भाई के सूने घर में चोरी हुई थी। धार्मिक यात्रा पर इराक गए कजिन भाई के घर से बदमाश सोने-चांदी के आभूषणों के साथ कार भी चुरा कर ले गए। सीसीटीवी फुटेज से छानबीन करने पर पुलिस को पता चला आरोपित कार डेली कालेज के आसपास छोड़ कर चले गए हैं।

राजेंद्र नगर, मल्हारगंज और तेजाजी नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच की तो पता चला बदमाशों ने कजिन भाई के घर से चुराई कार से कई जगह वारदात की है। टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर आरोपित सुनील पटेल निवासी रेवाड़ी बरोठा जिला देवास और दीपक कुमावत निवासी मावता पिपलोदा जिला रतलाम को पकड़ा। दोनों आरोपित फिलहाल श्रीजी वैली (कनाड़िया) में रहते है।

पूछताछ में बताया चोरी में मास्टर माइंड मुंबई का अजहर उर्फ समीर पुत्र शमसू शेख है। उसने 30 प्रतिशत कमीशन देकर चोरी करवाई है। समीर के विरुद्ध जूनी इंदौर, राजेंद्र नगर, सदर बाजार, द्वारकापुरी सहित उदयपुर (राजस्थान) में भी चोरी के प्रकरण दर्ज हैं।

### कार की रैकी कर चोरों तक पहुंची पुलिस

आरोपियों ने कजिन भाई की कार को ढंक दिया था। पुलिस ने कार के आसपास रैकी की। जैसे ही दूसरी कार से बदमाश उसे लेने आए, टीम पीछे लग गई। एक कार बलेनो श्रीजी वैली में जाते नजर आई। पुलिस ने इसी आधार पर दीपक और सुनील का ठीया खोजा और दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में दत्तनगर (राजेंद्रनगर) से हरिसिंह रघुवंशी, डा. अजय चौधरी और तेजाजी नगर में रामेश्वर ठाकरे के घर 37 लाख रुपये की चोरी करना स्वीकारा है। एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा के मुताबिक समीर बलेनो कार तीन किमी दूर छोड़कर बाइक से आता था।

# गेर मार्ग पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

## ड्रोन से होगी निगरानी, भवनों पर तैनात रहेंगे सशस्त्र बल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रंगपंचमी पर शहर में निकलने वाली परंपरागत गेर और फाग यात्रा के दौरान सुरक्षा और सतर्कता के कड़े प्रबंध रहेंगे। गेर मार्ग पर ऊंचे भवनों पर सशस्त्र जवान तैनात रहेंगे वहीं राजवाड़ा क्षेत्र में ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी के साथ चप्पे चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। दो हजार से ज्यादा जवानों और अधिकारियों को लगाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता ने बताया कि गेर के दौरान सुरक्षा के पु ता प्रबंध रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा और सीसीटीवी और वीडियो कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा प्रबंध के लिए पूरे मार्ग पर दो डीसीपी को नोडल अफसर बनाया गया है। गेर में गड़बड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों पर स त कार्रवाई होगी। शराब पीकर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। गेर में यदि कोई हथियार लेकर पहुंचा तो उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेज दिया जाएगा। एडीसीपी,एसीपी स्तर के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था जोनवार संभालेंगे। गेर मार्ग पर ऊंचे भवनों पर सशस्त्र जवान तैनात रहेंगे। राजवाड़ा के ऊप से वरिष्ठ अफसर निगाह रखेंगे। गौरतलब है कि पिछले दिनों कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि संबंधित विभाग नगर निगम,स्वास्थ एवं लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करवाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी सभी स्वागत मंच रोड के एक ही तरफ लगवाए जाएंगे। गेर में आदर्श आचार संहिता का पालन करना होगा। इसके तहत किसी भी तरह के राजनैतिक दलों के चिन्ह,बैनर,पोस्टर आदि का प्रर्दशन नहीं किया जा सकेगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजवाड़ा क्षेत्र में खासकर महिलाओं और युवतियों के साथ छेडखानी या अन्य हरकतें न हों इसके लिए महिला थाना प्रभारी के साथ महिला आरक्षकों की सादी वर्दी में भी तैनाती के आदेश दे दिए गए हैं।

# आबकारी ने उर्जा बार को किया सील

## अनिमित्ताओं की मिल रही थी शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विजयनगर स्थित उर्जा बार को आबकारी ने सील कर दिया है। लगातार नियम विरूद्व देर रात तक यंहा शराब परोशी जा रही थी इस पर टीम ने यंहा छापामार कार्रवाई कर कलेक्टर को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया था। कलेक्टर के निर्देश सहायक आबकारी आयुक्त ने बार का लाइसेंस &0 मार्च तक निलंबित करते हुए दस हजार रूपए जुमार्ना भी लगाया है।**

सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि सूचना मिली थी कि विजयनगर स्थित उर्जा बार में रात 12 बजे बाद तक शराब पिलाई जाती है इस पर आबकारी की टीम ने छापा मार कार्रवाई करते हुए संचालक पर प्रकरण दर्ज किया था और बार पर कार्रवाई करने को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह को प्रेषित किया था। इस पर कलेक्टर के निर्देश पर एसी श्री खरे ने &0 मार्च तक उर्जा बार का लायसेंस निलंबित कर उसे सील करवा दिया है। साथ ही ग्राम कछालिया की शराब दुकान पर एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेची जा रही थी। शिकायत मिलने पर आबकारी की टीम वंहा पहुंची और जांच की तो शिकायत सही पाई गई इस पर एक दिवस के लिए उक्त शराब दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया वहीं दस हजार रूपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके साथ ही आबकारी की अलग अलग टीमों ने एक साथ 45 स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए 45 प्रकरण दर्ज कर वहां से &48 लीटर शराब जब्त की। और 1280 किग्रा महुआ लहान को जब्त कर नष्ट किया गया। जब्त सामग्री की कुल कीमत 2.16 लाख रूपए बताई जा रही है।

# युवती ने जहर खाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक युवती जहर खाकर अपने रिश्तेदार के घर पहुंची। यहां उसने मां के पास जाने की बात कही। रिश्तेदार जब घर लेकर पहुंचे तो उसकी तबीयत बिगड़ गई। यहां से परिजन एमवाय लेकर पहुंचे। इलाज के दौरा बुधवार देर रात युवती ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले युवती की सहेली सुसाइड कर ली थी। तभी से वह दुखी थी।**

घटना आजाद नगर के पवनपुरी पालदा इलाके की है। पुलिस के मुताबिक युवती का नाम शिवानी पुत्री दीपक यादव था। परिजनों ने बताया कि शिवानी केटरिंग स्टॉफ का काम करती थी। बुधवार को वह जहर खाने के बाद रिश्तेदार चदंन के घर गई थी। चंदन से वह मां के पास लेकर चलने की जिद कर रही थी। उसे घबराहट हो रही थी। जब चंदन मां के पास लेकर गया तो मां की गोद में सिर रखी और कुछ नहीं बोली। इसके बाद उल्टी होने लगी। तब परिजन एमवाय अस्पताल लेकर आ गए।

### सहेली की मौत से थी दुखी

शिवानी की सहेली विज्ञान नगर मे रहती थी। उसकी उम्र अभी 17 साल ही थी। कुछ दिन पहले वह सुसाइड कर ली थी। शिवानी और मृतिका सहेली की अच्छी दोस्ती थी। वह उसकी मौत को लेकर काफी तनाव में चल रही थी। सहेली की मौत के बाद इलाके के तीन युवकों पर आरोप भी लगे थे। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया।

### बीमारी से परेशान मिस्त्री ने की खुदकुशी

उधर, अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाले एक मिस्त्री ने बीमारी से परेशान होकर एसिड पी लिया। उन्हें उपचार के लिये एमवाय लेकर आया गया। यहां डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक गोंविद(50) पुत्र नाथूलाल पड़ोनिया निवासी महावर नगर को उनके परिजन बुधवार को एमवाय लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गोविंद ने एसिड पीया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। गोविंद मिस्त्री का काम करते थे। पिछले कुछ माह से घर पर ही थे। उन्हें कुछ दिन पहले पेरालिसस हो गया। जिसमें एक तरफ से शरीर ने काम करना बंद कर दिया। इसके बाद उनका वजन बढ़ने लगा। कुछ दिन से उन्हें आंखो से दिखना कम हो गया। इसके चलते वह लगातार डिप्रेशन में जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक संभावित इन्ही कारणो से उन्होंने इस तरह का कदम उठाया है।

### किसान की जहर से मौत

खुडैल पुलिस के मुताबिक नायता मुंडला में रहने वाले किसान मदनसिंह पुत्र मथुरा ने बुधवार शाम को जहर खा लिया। उन्हें उपचार के लिये बेटा एंबुलेस से एमवाय अस्पताल लेकर आया। रात में उन्होंने दम तोड़ दिया। बेटे के मुताबिक पिता को किसी तरह की परेशानी नही थी। वह जब घर पर आए तब उनकी तबीयत ठीक नही थी। पुलिस गुरूवार को पोस्टमार्टम कराएगी।

# पिता पर डंडे से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गौतमपुरा क्षेत्र में घर के आंगन में खाना खा रहे पिता से बेटे ने विवाद किया और डंडे से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल का नाम प्रभुलाल पिता केसूराम (50) निवासी ग्राम रूणजी है।

**चाकू घोंप दिया- इंदौर**। चंदननगर इलाके में घर के सामने शोर मचाने से रोका तो आरोपियों ने युवक को चाकू घोंपकर घायल कर दिया। हमला सन्नी गार्डन के पास हुआ। घायल का नाम मोह मद जुबेर पिता मोह मद आरिफ है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी शेरा और आरिफ निवासी गीता नगर पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी शेरा व उसका दोस्त आरिफ मेरे घर के सामने खड़े थे और बेवजह जोर जोर से चिल्ला चोट कर बातचीत कर रहे थे मैंने बोला कि आप यंहा शोर मत मचाओ। हमारे घर में महिलाएं और ब ेि हैं जो परेशान हो हे हैं। इस बात पर से आरोपियों ने गालियां दी और मेरा रास्ता रोक लिया मुझे जाने नहीं दिया और लात घूंसों से मारपीट की। इसी दौरान शेरा ने अपनी कमर में छिपाकर रखा चाकू निकाला और जांघ में वार कर दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक